भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **3175**
दिनांक 16 दिसम्बर, 2021 / 25 अग्रहायण, 1943 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

उड़ानों पर प्रतिबंध

3175. श्रीमती मंगल सुरेश अंगड़ी:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का कोविड-19 महामारी के नए वेरियंट-ओमिक्रोन वायरस के आलोक में दक्षिण अफ्रीका, जिसे इस वायरस का मूल स्थान कहा गया है, जाने वाली और वहां से आने वाली उड़ानों पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.) , विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क) से (ख): कोविड-19 महामारी के कारण भारत तक/से अनुसूचित अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक यात्री सेवाएँ दिनांक 22.03.2020 से अभी तक लंबित हैं। महामारी के दौरान, सरकार ने हवाई यात्रा बब्बल व्यवस्था के माध्यम से यात्रियों की अंतरराष्ट्रीय यात्रा को सीमित रूप से परिचालित की अनुमति दी थी। दिनांक 08.12.2021 तक, 32 देशों के साथ औपचारिक रूप से हवाई यात्रा बब्बल व्यवस्थाएं स्थापित की गई हैं। यह हवाई यात्रा बब्बल व्यवस्थाएँ विश्व-भर में 100 से अधिक देशों को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष संपर्क प्रदान करते हैं। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के साथ औपचारिक रूप से कोई हवाई यात्रा बब्बल व्यवस्था स्थापित नहीं की है। अतः, वर्तमान में, भारत से दक्षिण अफ्रीका तक कोई सीधी उड़ान संपर्क उपलब्ध नहीं है।

इसके अतिरिक्त, अंतर्राष्ट्रीय आगमन के लिए नवीनतम दिशानिर्देशों के अनुसार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने दक्षिण अफ्रीका को 'जोखिम वाले देश' के रूप में वर्गीकृत किया है।

*****